E-Mail ID cfgarhwalp@gmail.com, cfgarhwal555@gmail.com, Phone/Fex 01368-222566

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी

पत्रांकः— 1583 / 12-1 **दिनांक, पौड़ी, जनवरी** 05 **,2022.**

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय— **जनपद—रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत क्यार्क—बरसूड़ी—भैरों बैण्ड से जमेथी तक मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.340 है० वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को वन भूमि हस्तान्तरण। PROPOSAL NO.- FP/UK/ROAD/40773/2019**

सन्दर्भ— **प्रभागीय वनाधिकारी रूद्रप्रयाग वन प्रभाग का पत्रांक 1798 / 12—1(2) दिनांक 31.12.2021**

महोदय,

विषयांकित प्रकरण में प्रभागीय वनाधिकारी रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, द्वारा अवगत कराया गया है कि वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में भारत सरकार स्तर से लगाई गई आपत्तियों का निराकरण अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, ऊखीमठ ने अपने पत्रांक—5139 / 13सी0 दिनांक 21.12.2021 से निम्न प्रकार प्रेषित किया है तथा जिसे प्रस्तावक विभाग द्वारा ऑनलाईन पार्ट—। के Additional information detail के क्र0—52 में ऑनलाईन अपलोड किया गया है। जिसे मूल में संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है

क्र.सं.	आपत्तियां	निराकरण
1	In reply to point No. 01, it is required to submit the minimum path distance norms of PWD to connect a habitation.	लोक निर्माण विभाग मे 100 मी० की ऊर्ध्व दूरी पर ग्राम सड़क से जुडा हुआ माना जाता है। चूंकि ग्राम जमेथी मोटर मार्ग से लगभग 700 मी० दूरी पर तीव्र ढ़ाल 1:5 से 1:7 के ढ़ाल पर स्थित है। आपतकालीन स्थिति में मरीजो, गर्भवती महिलाओं व वृद्ध लोगों को सड़क मार्ग तक आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस कारण ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तावित मोटर मार्ग की मांग की जा रही है। जो औचित्यपूर्ण है।
2	In reply to point No. 05, location of the village is still not marked on the KML file.	गांव की स्थिति KML file पर लाल रंग से रेखांकित कर दी गई है।
3	The reply to point No. 06 is not found satisfacory state Governmet may explore the alternate and submit the detail of the same to this office.	जमेथी ग्राम हेतु तीन अन्य वैकल्पिक मार्ग अंकित कर दिये गये हैं जिसमें हरे रंग से अंकित मार्ग—1 में 5, काले रंग से अंकित मार्ग—2 पर 5 एवं नीले रंग से अंकित मार्ग—3 पर 6 एच०पी० बैण्ड आ रहे हैं व प्रस्तावित मोटर मार्ग के समरेखण में 3 एच०पी० बैण्ड आ रहे हैं, चूँकि वैकल्पिक मार्गों पर अधिक एच०पी० बैण्ड आ रहे हैं। जो तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं है।
4	The reply to point No. 07 is also not found satisfactory. State Government is requested to explore the non-forest land to avoid the muck dumping in forest area.	चूंकि उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग का प्रारम्भिक 1.40 कि०मी० का प्रभाग आरक्षित व वन पंचायत भूमि पर पड़ता है। अतः पूर्व में 05 मकडम्पिंग को वन प्रभाग में बनाये गये थे जिसमें संशोधित कर चौथे एवं पॉचवें मक प्रभाग को स्थानान्तरित कर नाप खेतों में कर दिया गया है व KML file पर लाल रंग से अंकित कर दिया गया है।

अतः उपरोक्त प्रकरण में अपने स्तर से यथोचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नकः— यथोपरि

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड,पौड़ी।

JAIDEEP